म.प्र. निपुण प्रोफेशन में युवाओं का 10 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

चर्चा में क्यों?

1 अगस्त, 2023 को मध्य प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग की प्रमुख सचिव रश्मि अरुण शमी ने मध्य प्रदेश निपुण प्रोफेशन प्रोग्राम में चयनित युवाओं के प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत वर्ष 2026-27 तक कक्षा 3 तक के सभी बच्चों द्वारा बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान हासिल करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिये शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निपुण भारत मिशन पूरे देश में चलाया जा रहा है।
- मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये 2021 में 'मिशन अंकुर' प्रारंभ किया गया है।
- मैदानी स्तर पर 'मिशन अंकुर' के प्रभावी क्रियान्वयन और पर्यवेक्षण के लिये राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा प्रतिष्ठित संस्थान टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुंबई के सहयोग से मध्य प्रदेश निपुण प्रोफेशनल्स कार्यक्रम की शुरुआत की गई है।
- इस कार्यक्रम में प्रत्येक ज़िले में एक-एक युवा को संबंधित ज़िला प्रशासन को मिशन अंकुर के प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग देने का दायित्व सौंपा गया है।
- इस कार्यक्रम से जुड़ने के लिये हज़ारों की संख्या में युवाओं के आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 52 युवा और उत्साही प्रोफेशनल्स का चयन किया गया है।
- चयनित युवा कार्यक्रम क्रियान्वयन और निगरानी में डेटा-आधारित निर्णय लेने, सिस्टम क्षमताओं को बढ़ाने और धरातल पर काम की निरंतरता में ज़िला प्रशासन को सहायता प्रदान करेंगे। सभी चयनित युवाओं का 10 दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण 1 से 10 अगस्त तक आयोजित किया जा रहा है।
- चयनित युवा एक NIPUN प्रोफेशनल के रूप में राज्य भर के सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से 3 तक के लगभग 23 लाख छात्रों को सार्थक शिक्षा प्रदान करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/a-10-day-training-of-youth-in-mp-nipun-profession